DECEMBER 2023 **U/ID 30678/ULE1A**

Time : Three hours Maximum : 75 marks

SECTION A — ($10 \times 2 = 20$ marks)

किन्हीं दस प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

1. 'सभ्यता का रहस्य' पाठ के राय साहब का परिचय दीजिए।

2. मित्रता पाठ का संदेश क्या है?

3. स्वामी विवेकानन्द की युवकों के प्रति उच्च आकांक्षा क्या थी?

4. परमाणु ऊर्जा से लाभ क्या है?

5. युवावस्था में व्यवसाय के चयन में कैसी समस्या रहती है?

6. कार्यालयीन पत्रों की भाषा कैसी होनी चाहिए।

7. टिप्पण किसे कहते हैं?

8. अर्द्धसरकारी पत्र कब लिखा जाता है?

9. किन्हीं चार के हिन्दी पर्याय लिखिए।

   High Court, Hindi Section, Custom Officer, Administrative Officer, Amendment, Endorsement, Casual Leave.

10. किन्हीं चार के अंग्रेजी पर्याय लिखिए।

आंचलिक कार्यालय, आयकर विभाग, राजपत्रित अधिकारी, निर्वाचन आयुक्त, सचिव, चिकित्सा छुट्टी, लाभांश

11. किन्हीं दो के हिन्दी वाक्यांश लिखिए।

Appear for interview, delay is regretted, as recomended

12. किन्हीं दो के अंग्रेजी पर्याय लिखिए।

आवेदित प्रतिलिपि, यथा शीघ्र, अनुमति दे दी जाय।

SECTION B — ($5 \times 5 = 25$ marks)

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

किन्हीं तीन की सप्रसंग व्याख्या कीजिए। $(3 \times 5 = 15)$

13. मुझसे ऐसी बेहूदा बात करनी हो, तो यहाँ से चली जाओ, मैं अपने कानों से नहीं सुनना चाहता।

14. मित्रता जीवन और मरण के मार्ग में सहारे के लिए है। यह सैर-सपाटे और अच्छे दिनों के लिए भी है तथा संकट और विपत्ति के बुरे दिनों के लिए भी है।

15. कर्म, भक्ति योग या ज्ञान के द्वारा, इनमें से किसी एक के द्वारा या एक से अधिक के द्वारा, या सब के सम्मिलन द्वारा यह ध्येय प्राप्त कर लो और मुक्त हो जाओ। यही धर्म का सर्वस्व है।

16. अब मैंने दिन भर के झंझटों से छुट्टी पायी। दिन-रात काम करने से जी ऊब गया था। अब मुझे दस गुनी तनख्वाह मिले तो भी मैं काम नहीं करूँगा।

किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए। $(2 \times 5 = 10)$

17. सरकारी पत्र किसे कहते हैं? सरकारी पत्र का एक नमूना प्रस्तुत कीजिए।

18. संकल्प कब और कैसे लिखा जाता है? सोदाहरण समझाइए।

19. कार्यालयीन पत्रों की भाषा कैसी होनी चाहिए?

SECTION C — $(3 \times 10 = 30$ marks)

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

किसी एक प्रश्न का उत्तर लिखिए। $(1 \times 10 = 10)$

20. 'मित्रता' पाठ का मूल्यांकन कीजिए।

अथवा

21. "योग्यता और व्यवसाय का चुनाव" पाठ में प्रस्तुत व्यवसाय के चयन के संबंध में लेखक के विचारों को स्पष्ट कीजिए।

किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए। $(2 \times 10 = 20)$

22. पत्राचार का पता बदलने की सूचना देते हुए मुख्य डाक अधिकारी, डाकघर, अन्नासालै, चेन्नई के नाम एक पत्र लिखिए।

23. अपने पाठ्यक्रम में निर्धारित पाठ्य पुस्तकों का आदेश देते हुए प्रकाशक, वाणी प्रकाशन, नई-दिल्ली के नाम एक आदेश पत्र लिखिए।

24. श्री राम कुमार की हिन्दी अनुवादक के रूप में नियुक्ति संबंधी एक कार्यालय आदेश पत्र तैयार कीजिए।